# अध्याय - 7 | राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ

**QUIZ PART-04**

**1. भारतीय डाक-संचार तंत्र का प्राथमिक कार्य क्या है?**

A. समाचार प्रसारित करना
B. पार्सल और वाणिज्यिक पत्र व्यवहार संचालित करना
C. इंटरनेट सेवाएं प्रदान करना
D. वीडियो कॉल सेवा प्रदान करना (B)

***व्याख्या :*** भारतीय डाक-संचार तंत्र का मुख्य कार्य पत्र, पार्सल और वाणिज्यिक पत्र व्यवहार को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाना है।

**2. भारत में सबसे अधिक समाचार-पत्र किस भाषा में प्रकाशित होते हैं?**

A. अंग्रेज़ी
B. हिंदी
C. उर्दू
D. बंगाली (B)

***व्याख्या :*** भारत में सर्वाधिक समाचार-पत्र हिंदी भाषा में प्रकाशित होते हैं, इसके बाद अंग्रेज़ी और उर्दू का स्थान आता है।

**3. वह शब्द जो किसी देश के आयात और निर्यात के बीच अंतर को दर्शाता है, क्या कहलाता है?**

A. व्यापार घाटा
B. व्यापार अधिशेष
C. व्यापार संतुलन
D. आर्थिक व्यापार (C)

***व्याख्या :*** आयात और निर्यात के बीच अंतर को व्यापार संतुलन कहा जाता है, जो अनुकूल या प्रतिकूल हो सकता है।

**4. भारत का राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल कौन-सा है?**

A. आजतक B. NDTV
C. दूरदर्शन D. ज़ी न्यूज़ (C)

***व्याख्या :*** दूरदर्शन भारत का राष्ट्रीय टेलीविजन चैनल है, जो मनोरंजन, सूचना और खेल संबंधी कार्यक्रम प्रसारित करता है।

**5. CBFC का कार्य क्या है?**

A. चलचित्रों का प्रचार करना
B. फिल्म पुरस्कार देना
C. फिल्मों को प्रमाणित करना
D. सिनेमाघरों का संचालन करना (C)

***व्याख्या :*** केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) का कार्य सभी भारतीय और विदेशी फिल्मों को प्रमाणित करना होता है।

**6. भारत का सॉफ्टवेयर निर्यात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्यों प्रसिद्ध है?**

A. यह सबसे महंगा है
B. इसमें आयात शुल्क नहीं लगता
C. यह विदेशी मुद्रा अर्जन का एक बड़ा स्रोत है
D. यह केवल अमेरिका में उपयोग होता है (C)

***व्याख्या :*** भारत ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक पहचान बनाई है और यह विदेशी मुद्रा कमाने का प्रमुख माध्यम बन गया है।

**7. डिजिटल भारत' कार्यक्रम का उद्देश्य क्या है?**

A. इंटरनेट का निर्यात करना
B. केवल मोबाइल सस्ता बनाना
C. तकनीक आधारित शासन स्थापित करना
D. केवल सॉफ्टवेयर निर्माण करना (C)

***व्याख्या :*** डिजिटल भारत कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीक को केंद्र में रखकर शासन प्रणाली में बदलाव लाना और नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है।

**8. पर्यटन के किस लाभ से राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा मिलता है?**

A. रोजगार
B. सांस्कृतिक आदान-प्रदान
C. विदेशी मुद्रा
D. होटल उद्योग का विकास (B)

***व्याख्या :*** पर्यटन के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृतियों का आदान-प्रदान होता है, जिससे राष्ट्रीय एकता को बल मिलता है।

**9. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के मुख्य माध्यम कौन-कौन से हैं?**

A. रेलवे और बस
B. सड़क और सुरंग
C. समुद्री, हवाई और स्थलीय मार्ग
D. मोबाइल नेटवर्क (C)

***व्याख्या :*** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समुद्री, हवाई और स्थलीय मार्गों से होता है जो दो या अधिक देशों को जोड़ते हैं।

**10. उड़ान योजना किस मंत्रालय के अधीन संचालित होती है?**

A. रक्षा मंत्रालय B. पर्यटन मंत्रालय
C. नागरिक उड्डयन मंत्रालय D. सूचना प्रसारण मंत्रालय (C)

***व्याख्या :*** उड़ान योजना नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन संचालित होती है, जिसका उद्देश्य हवाई यात्रा को किफायती बनाना है।

DESH KA APNA SCHOOL